Commercial Officers has not exhausted yet and in case no other panel is being prepared, the time upto which orders for preparing another panel would be kept pending.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN): (a) to (e) The information is being collected from the Zonal Railway and will be laid on the table of the Sabha.

### Unauthorised Vendors at Allahabad Railway Station

4349. SHRI N. K. SHEJWALKAR: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a large number of unauthorised vendors engaged by Contractors for sale of miscellaneous goods are operating at Allahabad Railway Station whom the station staff are hasitant to apprehend; and

(b) if so, whether Government would consider a vigilance probe into the affairs on specific complaints made by Members of Parliament, Members of Legislative Assemblies encouraging unauthorised vending at Allahabad?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN): (a) Reports have been received about the engagement of unauthorised vendors by the Miscellaneous Articles contractor at Allahabad Station. Punitive action against the contractor under the provisions of the Agreement has been taken.

(b) Since unauthorised vendors are being detected from time to time and necessary punishment is being meted out to the contractor, no vigilance probe is necessary in the matter.

### New Alipurduar Station

4350. SHRI PIUS TIRKEY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Alipurduar in North Eastern Railway has four stations i.e. A. P. D. Junction, New Alipurduar, Alipurduar Court and Alipurduar;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) whether the Railways have decided to curb the meter-gauge line along with broad-gauge line up to Bhubaneshwar station; and

(d) if so, by what time it will be completed; and if not, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN): (a) Yes, but these stations are on Northeast Frontier Railway.

(b) to (d). The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

### सेवा निवृत्त रेल कर्मचारियों को फ्री पास

4351. श्री भोला भाई : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति के बाद फ्री पास दिए जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या उनकी मृत्यु के बाद यह सुविधा उनके परिवारों को दी जाती है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या भविष्य में उनको ऐसे पास देने का सरकार का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में क तक आदेश जारी कर दिए जाएंगे ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) समय समय पर निर्धारित वेतनमान पर निर्धारित अर्हता प्राप्त रेलवे सेवा कर चुके सेवा निवृत्त रेल कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति उपरांत मानार्थ पास दिए जाते हैं ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) से (ङ). सेवा निवृत्त रेल कर्मचारियों की मृत्यु के बाद उनके परिवारों को मानार्थ पास दिये जाने पर विचार किया गया था । लेकिन, इसे निःशुल्क यात्रा सुविधाओं का अति उदारीकृत होने के कारण न्यायोचित नहीं ठहराया गया ।

बिहार में रेल लाइनें

4352. श्री शिबु सोरन : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार के संथाल परगना जिले में नयी रेल लाइनें बिछाई जा रही हैं;

(ख) यदि हां, तो किस स्थान से किस स्थान तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या चित्तरंजन लोकोफैक्ट्री के लिए जिन लोगों की भूमि अर्जित की गयी थी उनको पूरा मुआवजा दे दिया गया है और यदि हां, तो किस दर पर;

(घ) क्या उनको अर्जित भूमि के बदले उन्हें नौकरी देने का आश्वासन दिया गया है; और

(ङ) इस समय चित्तरंजन लोको फैक्ट्री में हरिजनों और आदिवासियों की संख्या कितनी है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख). पूर्व रेलवे ने रांची रोड हज़ारीबाग टाउन–कोडरमा-गिरिडीह एक नयी बड़ी लाइन के रेल सम्पर्क की व्यवस्था करने के लिए एक प्रारंभिक इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण किया था और उसकी रिपोर्ट अक्तूबर, 1980 में रेल मंत्रालय को प्रस्तुत कर दी है । इस रिपोर्ट की जांच की जा रही है और इसके मूल्यांकन के बाद इस पर निर्णय लिया जायेगा ।

मन्दारहिल-वैद्यनाथधाम (65 कि०मी०)

पूर्व रेलवे ने इस रेल संपर्क के लिये प्रारंभिक इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण का काम शुरू कर दिया है । क्षेत्र कार्य पूरा कर लिया गया है और सर्वेक्षण रिपोर्ट के शीघ्र ही रेल मंत्रालय में प्राप्त हो जाने की संभावना है । रिपोर्ट के प्राप्त हो जाने पर इस मामले पर आगे जांच की जायेगी ।

(ग) जी हां, भूमि के मालिकों को भुगतान करने के लिये पश्चिम बंगाल और बिहार सरकारों को भूमि की लागत की पूरी क्षतिपूर्ति का भुगतान कर दिया गया था ।

(घ) चित्तरंजन रेल इंजन कारखाने के निर्माण के समय वहां के स्थानीय/विस्थापित व्यक्तियों को नियोजित करने के संबंध में प्राथमिकता देने की नीति थी ।

(ङ) आदिवासियों के अलग आंकड़े नहीं रखे जाते । बहरहाल, सफाईवालों में से 302 कर्मचारी अनुसूचित जाति के और 73 अनुसूचित जनजाति के हैं । अन्य कोटियों में अनुसूचित जनजाति के 960 कर्मचारी कार्यरत हैं ।

**Cases referred by C.G.H.S. Dispensaries to Safdarjung Hospital**

4353. SHRI R. L. P. VERMA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that in the CGHS Wing of the Safdarjung hospital, only patients having recommendations or acquaintance